हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–178 : जौनपुर, सोमवार 18 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## बांग्लादेशी डकैतों का सरगना ढेर, तीन पुलिसकर्मियों को लगी गोली

लखनऊ ब्यूरो : गोमतीनगर इलाके में रविवार देर रात करीब दो बजे पुलिस की बांग्लादेशी डकैतों से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग में सीने में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुए हैं। सभी को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बदमाश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि पुलिसकर्मियों की हालत खतरे से बाहर है। मारे गए बदमाश की पहचान बांग्लादेशी डकैतों के गिरोह के सरगना व 50 हजार रुपये के इनामी हमजा के रूप में हुई। उसके अन्य साथी अंधेरे में भाग निकले। मारे गए बदमाश के पास से 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार देर रात करीब दो बजे डीसीपी पूर्वी की क्राइम व सर्विलांस टीम के साथ पुलिस रेलवे ट्रैक के आसपास सर्च अभियान चला रही थी। इसी दौरान सहारा फ्लाईओवर के पास पांच–छह बदमाश दिखे तो पुलिस ने दौड़ाया। इस पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इससे आरक्षी रामनिवास, मुकेश चौधरी व नरेंद्र बहादुर हाथ व पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश सीने में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने सभी को सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल पुलिसकर्मियों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। डीसीपी (पूर्वी) संजीव सुमन ने बताया कि मारे गए बदमाश की पहचान बांग्लादेशी नागरिक हमजा के रूप में हुई है। वह बांग्लादेशी डकैतों के गिरोह का सरगना था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम था। डीसीपी के मुताबिक डकैतों का गिरोह किसी बड़ी वारदात को अंजाम



देने निकला था। तभी पुलिस टीम से सामना होने पर मुठभेड़ हो गई। पूरी रात चली कांबिंग, मगर नहीं मिली सफलता। गोमतीनगर इलाके में मुठभेड़ की सूचना पर देर रात संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) नीलाब्जा चौधरी समेत अन्य अधिकारी व चिनहट, गोमतीनगर विस्तार, विभूतिखंड आदि थानों की पुलिस पहुंच गई। एसीपी गोमतीनगर श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि मौके से भाग निकले बदमाशों की तलाश में पूरी रात रेलवे ट्रैक व आसपास के इलाके में कांबिंग की गई मगर सफलता नहीं मिली। छह दिन पहले मुठभेड़ में पकड़े गए थे तीन साथी। गोमतीनगर में मुठभेड़ से छह दिन पहले 11 अक्तूबर की रात को भी बांग्लादेशी डकैतों का गिरोह वारदात करने निकला था। मगर चिनहट इलाके में मल्हौर रेलवे स्टेशन के पास गश्त कर रही पुलिस टीम से सामना होने पर मुठभेड़ हो गई थी। इसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हुए थे। पुलिस ने इन दोनों के साथ ही एक अन्य बदमाश को मौके से पकड़ा था। इनकी पहचान बांग्लादेश के खुलना मोर्लगंज के सनकीभगा निवासी शेख रूबेल उर्फ रबीउल, रेंडा शोरन के अमरागासिया का आलम उर्फ अल और बार्गेहाट कलिकाबरी निवासी रबीउल के रूप में हुई थी।

## भाजपा प्रत्याशी नितिन अग्रवाल विधानसभा के उपाध्यक्ष बनें, सपा प्रत्याशी को हराया

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा प्रत्याशी नितिन अग्रवाल को यूपी विधानसभा का उपाध्यक्ष चुन लिया गया है। उन्होंने सपा नरेंद्र सिंह वर्मा को हरा दिया है। नितिन अग्रवाल का चुना जाना तय था। वह वर्तमान में हरदोई सदर से सपा के विधायक हैं। भाजपा ने उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया था। सपा की तरफ से नरेंद्र सिंह वर्मा उम्मीदवार थे। मतदान की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित की देखरेख में हुई। इन चुनाव के लिए ही विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र सोमवार को बुलाया गया। सदन की कार्यवाही सुबह करीब 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हो गई। कार्यवाही के पहले चरण में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह सहित अन्य पूर्व विधायकों के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया। इसके पहले रविवार को एक दिवसीय विशेष सत्र के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि सोमवार को विधानसभा के एक दिवसीय सत्र को संविधान के प्रति निष्ठावान होकर सुगमता से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदन में सारवान और गुणवत्तापूर्ण चर्चा के लिए सभी दलों को सहयोग करना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में रविवार को हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव कराने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी, राकेश प्रताप सिंह, बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, कांग्रेस दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से कैलाशनाथ सोनकर, मंत्री रमापति शास्त्री, चौधरी लक्ष्मीनारायण, सिद्धार्थनाथ सिंह, राज्यमंत्री गुलाब देवी, योगेंद्र उपाध्याय, विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे और प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह मौजूद रहे। सपा ने तोड़ी




संसदीय परंपरा – खन्ना। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विधानसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने की परंपरा रही है। नितिन अग्रवाल सपा के विधायक है, सपा विधायक के तौर पर ही वे विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होते रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संसदीय परंपरा का पालन करते हुए नितिन अग्रवाल का नामांकन दाखिल किया है। जबकि सपा ने इस परंपरा को तोड़ते हुए अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ दूसरा उम्मीदवार मैदान में उतारा है। मूल्यों पर चलने वाली पार्टी नहीं सपा – नरेश अग्रवाल। भाजपा नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य नरेश अग्रवाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी मूल्यों पर चलने वाली पार्टी नहीं है। उन्होंने कहा कि वह भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में पार्टी में काम कर रहे हैं। नितिन को विधानसभा उपाध्यक्ष उम्मीदवार बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने संसदीय परंपरा को निभाया है। नितिन को अगला चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उचित समय पर इसका निर्णय किया जाएगा।

## शरद पूर्णिमा 20 अक्टूबर को, होगा श्री सीताराम नाम संकीर्तन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। 33वां पतंजलि योग महोत्सव, पतंजलिपुरी शरद पूर्णिमा बुधवार 20 अक्टूबर 2021 योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्म भूमि कोंडर विकासखंड वजीरगंज जनपद गोंडा उत्तर प्रदेश में पतंजलि योग महोत्सव का आयोजन श्री पतंजलि जन्म भूमि न्यास एवं सनातन धर्म परिषद के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रातः 8:00 बजे योग प्रशिक्षण, श्री सीताराम नाम संकीर्तन एवं अपरान्ह 2:00 बजे से विद्वानों द्वारा पतंजलि योग महोत्सव पर व्याख्यान होंगे। गोंडा मुख्यालय से 30 किलोमीटर दक्षिण एवं अयोध्या से 22 किलोमीटर उत्तर पतंजलि पुरी कोंडर स्थित है। इस पावन सांस्कृतिक अनुष्ठान में आपकी गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थित है। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अध्यक्ष ने उक्त जानकारी दी।

## श्रृष्टि वर्मा ने एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र को किया गौरवान्वित

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के सुजानगंज बेलवार (पाही) गाँव निवासी ट्रक ड्राइवर फागू लाल की पुत्री सृष्टि वर्मा ने एमबीबीएस की परीक्षा पास कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है । बताते हैं कि उक्त ग्रामसभा निवासिनी का प्रारम्भिक शिक्षा ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज सुजानगंज तथा राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सुजानगंज से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट उत्तीर्ण कर उच्च शिक्षा हेतु बेंगलुरु हसन इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस कॉलेज से एमबीबीएस की परीक्षा उतीर्ण की आज सुबह बेंगलुरु से गृह निवास पहुंचने पर माता पिता के साथ क्षेत्र वासियों में अपार खुशी व्याप्त है । माता निर्मला देवी ने लड्डू खिलाकर बेटी का सम्मान किया सृष्टि ने बताया हमारे पिता ट्रक ड्राइवर थे परन्तु सन् 2015 में बीमार होने पर लकवा मार गया जिससे हमारे घर पर परेशानियों का पहाड टूट पडा तथा उस समय हमारे मामा श्याम जी पटेल और मौसी जी का शिक्षा ग्रहण करने में अहम योगदान रहा है । वहीं पर उन्होंने कहा कि भाई सर्वेस पटेल हर समय साहस बंधाया. श्रृष्टि ने कहां की मैं एक गरीब परिवार से होते हुए इस मुकाम तक पहुंची जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा आज के युवाओं को सन्देश देते हुए कहा हर रात के बाद सुबह होती है हिम्मत एवं तन्मयता पूर्वक शिक्षण कार्य करने से सफलता एक एक न एक दिन अवश्य मिलती है. साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जब भी आपके ऊपर दुखों का पहाड़ टूटे तो अकेले ही अपने अंदर हिम्मत इकट्ठा करके उस दुख की घड़ी में संघर्ष पूर्वक लड़ना चाहिए और जब आपके साथ कुछ अच्छा हो समय अच्छा है खुशी के पल हो तब आपको लोगों के साथ



खुशी के पल को बिताना चाहिए मैं शुक्रगुजार हूं अपने उन मित्रों का जिन्होंने मेरे इस दुख की घड़ी में मेरा साथ दिया है जहां से मैं सोच ही नहीं सकती थी कि मेरा जीवन और आगे बढ़ पाएगा उन परिस्थितियों में मेरे मित्रों ने जो साथ दिया है मैं पूरी जीवन भर एहसानमंद रहूंगी जिन्होंने मुझे जीवन दुबारा से प्रदान किया है और मेरी सफलता का पूरा का पूरा श्रेय हमारे माता पिता गुरुजनों तथा मित्रों भाइयों के प्रति जाता है जिन्होंने मेरे हर कठिन परिस्थितियों में मेरा साथ दिया कदम से कदम मिलाकर चले और मेरे हौसले को बुलंद करते रहे जिसके कारण आज मैंने उन सभी के स्नेह और प्यार आशीर्वाद से एमबीबीएस की परीक्षा वितरण की और इसी तरह अपेक्षा करती हूं कि आप सभी का स्नेह प्यार आशीर्वाद बना रहा तो अभी जीवन में बहुत कुछ करके दिखाना है. चाहे कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों ना आ जाए हार कभी मानना नहीं चाहिए. वहीं पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पंकज पटेल, सान्याल मोदनवाल, संतोष द्विवेदी, प्रमोद के सिंह, डॉ जयप्रकाश तिवारी सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने उनके स्थानीय निवास पर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस नें चोरों को किया गिरफ्तार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में कोतवाली कृष्णा नगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त मध्य, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य के कुशल पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में क्षेत्र में हुई चोरी के अनावरण हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 17.10.2021 को पुलिस सूचना तन्त्र की मदद से नकबजनी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 442/2021 धारा 457/380/411 भादवि का सफल कर गिरोह के दो नकबजन चोरों. अजीत पुत्र मेवालाल निवासी आजादनगर बड़ी मस्जिद के पीछे थाना कृष्णानगर लखनऊ 2. करन पुत्र राजकुमार निवासी आजादनगर बड़ी मस्जिद के पीछे थाना कृष्णानगर लखनऊ पकरी का पुल आजादनगर के पास से गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित भारी मात्रा में सोने–चाँदी के आभूषण व नगदी की बरामदगी हुई है, जिसके आधार पर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता 1. अजीत पुत्र मेवालाल निवासी आजादनगर बड़ी मस्जिद के पीछे थाना कृष्णानगर लखनऊ आर 22 वर्ष 2. करन पुत्रवासी आजादनगर बड़ी मस्जिद के पीछे




थाना कृष्णानगर लखनऊ उम्र 28 वर्ष। फरार अभियुक्त का नाम पता। 1. टिकू पुत्र प्रेम निवासी अज्ञात। 1. 03 जोड़ी सफेद धातु की पागल। 2. 04 जोड़ी सफेद धातु की विछिया 3. 01 अदद सफेद धातु का कमरचन्द 4. 02 अदद पीली धातु का गले का हार 5. 01 अदद पीली धातु की गले की चैन। 6. 02 स्टेट बैंक के डेबिट कार्ड 7. 2 अदद मोबाइल (एप्पल व ब्लैकम्पनी 8. कुल 30000/– रूपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर आलोक कुमार राय, उ0नि0 संतोष कुमार यादव, अभय कुमार वाजपेई, कांस्टेबल सूरज तिवारी, सत्यप्रकाश ,देवेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार, रवि कुमार राजपूत शामिल रहे।

## बेलसर में समाजसेवी ने कुपोषित बच्चों को दूध पिलाने का लिया संकल्प

आर एल पाण्डेय गोण्डा। समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय दो युवाओं ने नवरात्र में बालक बालिकाओं को भगवान व देवी का स्वरूप मानकर कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम आयोजक जनपद के झंझरी ब्लाक निवासी अयोध्या प्रसाद मिश्र एवं बेलसर ब्लाक के युवा समाजसेवी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने शारदीय नवरात्र के दौरान ग्राम पंचायत सुनौली मुहम्मदपुर और मजरा मन्दराही में पांच दर्जन से अधिक गरीब मजदूर परिवार के एक से पांच वर्ष तक के 200 कुपोषित बालक बालिकाओं को गोद लेकर उन्हें तीन माह तक प्रति दिन 150 मिलीलीटर पिलाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अयोध्या प्रसाद मिश्र ने उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान किया कि एक स्वस्थ समाज क संरचना के लिए आप अपने पराये का भेद भूलकर



बच्चों के विकास में योगदान में हाथ बंटाए। श्री मिश्रा ने बताया कि बच्चों के पोषण एवं शिक्षा विकास के अन्तर्गत दूध पिलाने का कार्यक्रम बिना किसी सरकारी मदद से पूरी तरह से जनसहयोग से चलाया जा रहा है। बच्चों का पिलाया जाने वाला ददू पाउडर सरकारी संस्थान से लिया जा रहा है। दूधा बनाने और पिलाने के लिए स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवक नियुक्त किए गए हैं। उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बालक बालिकाएं भगवान व देवी स्वरूप होते है। बच्चों के मुस्कराहट से परमात्मा खुश होंगे। इस मौके पर उपस्थित संभ्रांत नागरिकों ने बच्चों में दूध वितरण में हाथ बंटाया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dkulive** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## दीनदयाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी (: 7 अक्टूबर से चल रहे नौ दिवसीय अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हुआ संपन्न जो दीनदयाल फाउंडेशन द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित किया गया था। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी एवं संस्था के




पदाधिकारी कृतांग मिश्रा, जयप्रकाश तिवारी, अरुण तिवारी, संजय यादव, सतीश यादव, पूजा मिश्रा, गणेश शिंदे, नील ठक्कर, प्रिंस पाण्डेय, साहेब लाल तिवारी, किरन चौधरी, स्मिता सिंह, गायत्री तिवारी, अमित तिवारी, के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रमाराम पाण्डेय " निराला" जी के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री डॉ विनय कुमार तिवारी एवं श्री संजीव कुमार सार्थक ने सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संजय कुमार पाण्डेय जी के द्वारा किया गया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के प्रथम विजेता के रूप में श्री सुशील कुमार पाण्डेय द्वितीय विजेता के रूप में निशा सिंह "नवल" एवं तृतीय विजेता के रूप में श्री प्रेम शंकर द्विवेदी "भास्कर" जी को चयनित किया गया। दीनदयाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान तीनों विजेता कवियों को पुरस्कृत किया जाएगा एवं सभी प्रतिभागी सम्मानित कवियों का संस्था द्वारा सम्मान पत्र देकर सत्कार किया जाएगा।

## परा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) गण द्वारा व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाकर किया जा रहा जागरुक

जौनपुर सू.वि. : उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर 2021 तक " आजादी का अमृत महोत्सव " कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान कराये



जाने हेतु परा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) गण द्वारा व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाकर जनपद के ग्राम पंचायत मजीठी वि0ख0 महराजगंज तहसील बदलापुर, ग्राम सभा तालामझवारा ब्लाक सिरकोनी, ग्राम सभा बीबीपुर ब्लाक सिरकोनी, ग्राम सभा नेवादा, ग्राम सभा भरथीपुर ब्लाक सिकरारा, ग्राम सभा चकताली ब्लाक सिरकोनी, जौनपुर आदि स्थानों पर शिविर तथा डोर टू डोर कैम्पेन कर आम–जन को विधिक सहायता के संबंधा में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी तथा पम्फलेट वितरित कर नालसा की योजनाओं तथा विधिक सेवा गतिविधियों के बारे में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया गया। उक्त अभियान में पी0एल0वीगण सुबाष यादव, शिवशंकर सिंह, सुनील गौतम, माला देवी, सुशील सरोज, संजय कुमार, सुषमा यादव द्वारा सक्रिय रूप से कार्य किया गया।

## कोविड वैक्सीन की डबल डोज लगवाने हेतु अपने स्तर से किया निर्देशित

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया में जनपद के प्रायः समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है। कोविड–19 के संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत भारत सरकार/स्वास्थ्य मंत्रालय के गाइडलाइन के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाना आवश्यक है। आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का वैक्सीनेशन निर्वाचन के पूर्व कराया जाना आवश्यक है। उक्त आशय का प्रमाणपत्र भी निर्वाचन आयोग को भेजा जाना है। इस सम्बन्ध में कार्यालय द्वारा समस्त विभागाध्यक्षों/कायालयाध्यक्षो से अनुरोध किया गया था कि अपने विभाग/कार्यालय में कार्यरत शत–प्रतिशत अधिकारियों/कर्मचारियों का वैक्सीनेशन कराकर सूचना उपलब्ध कराये। उन्होंने जनपद के समस्त विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि अपने विभाग में कार्यरत समस्त कार्मिकों का कोविड वैक्सीन की डबल डोज लगवाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करते हुए 01 सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
*नीयत साफ रखें , नियति हमेंशा साथ देगी–*
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# हताशा की गिरफ्त में लोकतंत्र

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों को गाड़ी से कुचलने का मामला भाजपा सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद दब नहीं सकेगा ऐसा प्रतीत होता है। सरकार ने तो 20 घंटे के भीतर ही मामला निपटाने का दावा किया है। इससे पहले गोरखपुर में व्यवसाई की पुलिस जांच में हत्या का मामला भी इसी तरह खत्म किया गया था। लेकिन इन मामलों में इंसाफ तो अब तक हुआ ही नहीं है केवल समझौता हुआ है। व्यवसाई की पत्नी को भी मुआवजा और नौकरी का आश्वासन मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने दिया और मृतक किसानों के परिजनों को भी ऐसा ही भरोसा दिलाया गया है। इससे पहले हाथरस नाम ले में भी मुआवजे की बात हुई थी पूर्णविराम सरकार किसी दुर्घटना प्रशासनिक चूक के कारण हुए नुकसान या किसी आकस्मिक आपदा के बाद मुआवजे का ऐलान करें तो यह उसका कर्तव्य निर्वहन माना जाएगा। लेकिन अभी जिस तरह मामले को रफा–दफा करने विरोध की आवाज को दबाने के लिए मुआवजे की घोषणा होती है उससे सीधे रिसोर्ट की गंध आती है। गरीब जनता इंसाफ के लिए लड़ने जाएगी तो भी इस बात की आशंका है कि उसे ना उम्मीद ही हाथ लगेगी क्योंकि खर्चीली और लंबी न्यायिक प्रक्रिया हर कोई सहन नहीं कर सकता। इसलिए बची कुची जिंदगी जीने को मिल जाए इस ख्याल से मुआवजे को स्वीकार कर लेती है। लेकिन अत्याचार और मोजे के बीच लोकतंत्र मानवाधिकार और इंसानियत के कई सवाल हैं जो अनुत्तरित ही रह जाते हैं पूर्व राम उत्तर प्रदेश की घटना इस वक्त सुर्खियों में है क्योंकि यह एक चुनावी प्रदेश है। हिंदी पट्टी का प्रमुख राज्य होने के कारण राजनैतिक तौर पर भी इसका खासा महत्व है इसलिए यहां के मामले राष्ट्रीय चर्चा का विषय बनते हैं। फिर इस बार तो विपक्ष ने खासकर कांग्रेस ने इस तरह मोर्चा संभाला की भाजपा सरकार हर ओर से घिरी नजर आई। आखिरकार 3 दिन बाद ही सही लेकिन कांग्रेस नेताओं को लखीमपुर खीरी जाने की इजाजत योगी सरकार ने दे ही दी। अब यह मामला कौन सा मोड़ लेगा सरकार आरोपियों पर किस तरह कार्यवाही करेगी आगामी चुनाव पर इसका क्या असर होगाक्या योगी फिर से भाजपा के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे कांग्रेस को क्या अपने पैर जमाने में मदद मिलेगी क्या कांग्रेश अब प्रियंका गांधी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाएगी क्योंकि लखीमपुर मामले में उनकी संघर्षशील ता को एक नया पहलू जनता के सामने रखा है क्या कांग्रेस का साथ देने बाकी विपक्षी दल सामने आएंगे या एक बार फिर सब अपनी अपनी लड़ाई लड़ेंगे 2021 का यह मामला क्या 2024 तक लोगों की याद में रहने दिया जाएगा या जनता का ध्यान भटकाने के लिए कई और मुद्दे खड़े कर दिए जाएंगे ऐसे कई सवाल आने वाले वक्त में अपनी परतें खोलेंगे।

फिलहाल गौर फरमाने की बात यह भी है कि अगर यह घटना उत्तर प्रदेश में नहीं हुई होती तब भी क्या इतने दिन जिंदा रह पाती पूर्णविराम लखीमपुर में जिस तरह निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जाने से रोका गया कमोबेश वैसी ही जम्मू–कश्मीर में भी प्रक्रिया अपनाई गई थी। कानून व्यवस्था के नाम पर धारा 144 लगा देना इंटरनेट सेवाएं बंद कर देना विपक्षी नेताओं की आवाजाही रोक देना यह सब आम चलन बनता जा रहा है। लेकिन इससे एक ही संदेश निकल रहा है कि सरकार को अपनी कमजोरियों का एहसास है और वह लोकतंत्र से डर रही है। आजादी का अमृत महोत्सव देश भर में घूम–घूम कर सरकार बना रही है। लेकिन इस अमृत का कितना हिस्सा जनता को मिला है यह सवाल अब पूछना जरूरी है। अभी तो यही दिख रहा है कि गरीब पीड़ित जनता के हिस्से में केवल अत्याचारों का विष ही आ रहा है। असम में अवैध कब्जा खाली करवाने के नाम पर मुसलमानों को प्रताड़ित किया गया जम्मू कश्मीर में तो जनता बरसों से सेना और आतंकियों के बीच इसकी आ रही है धरती के इस वर्ग में अब नागरिकों के लिए चयन के दो पल ही स्वर्ग समान बन गए हैं जबकि देश के संपन्न लोग पर्यटन के लिए जम्मू–कश्मीर जरूर जाते हैं लेकिन वहां के वास्तविक हालात क्या हैं इससे आम जनता अब यही है। यही हाल नागालैंड मणिपुर मिजोरम जैसे पूर्वोत्तर प्रदेशों का है। अभी हाल ही में असम तथा मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र उड़ीसा आंध्रप्रदेश झारखंड बिहार तमिलनाडु गुजरात इन तमाम राज्यों में कभी नक्सल समस्या के नाम पर तो कभी विकास के नाम पर आदिवासियों किसानों मजदूरों का उत्पीड़न होता है। हाशिए पर पड़े इन समुदायों के लिए जो आवाज उठाता है उसे पहले सरकार विरोधी कहा जाता था किंतु अब देशद्रोही अर्बन नक्सल जैसे विशेष वालों से नवाजा जाता है और इससे भी अगर सरकार का मकसद नहीं सकता तो फिर आवाज उठाने वाले को दबाने के लिए कानूनी कार्यवाही का रास्ता अपनाया जाता है। भीमा कोरेगांव मामले में वकील लेखक सामाजिक और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली दंगों में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र नेता उमर खालिद को गिरफ्तार किया गया। हाथरस मामले में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन को गिरफ्तार किया गया। किसान आंदोलन में साथ देने के लिए दिशा रवि को गिरफ्तार किया गया था। गोरखपुर ऑक्सीजन मामले में डॉ कफील खान को गिरफ्तार किया गया था। यह कुछ ऐसी गिरफ्तारियां हैं जो चर्चा में रही है। लेकिन देश में ऐसे सैकड़ों पीड़ित जेलों में बंद मिल जाएंगे जो बिना किसी ठोस आधार के गिरफ्तार किए गए कभी अपनी धार्मिक पहचान के कारण कभी किसी सत्ताधारी के रास्ते में आने के कारण। इन गिरफ्तारियां पर ढंग से चर्चा भी नहीं हो पाती है क्योंकि जनता के सामने मंदिर मस्जिद के मसले खड़े कर उसका ध्यान भटका या जाता है और उसकी सही–सही शक्ति महंगाई बेरोजगारी बीमारी जैसी समस्याओं से निपटने में ही खर्च हो जाती है।ऐसे में सरकार को अपनी मनमानी करने का पूरा अवकाश मिल जाता है। सरकार देश के सार्वजनिक संपत्ति को औने पौने दामों में निजी हाथों में दे रही है करोड़ों अरबों के सौदे राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर हो रहे हैं जिन पर सवाल उठाने से सरकार को ऐतराज है। बहुमत का लाभ उठाकर मनचाहे कानून बिना किसी चर्चा के बनाए जा रहे हैं। और आपदा में भी उत्सवमनाने के तरीके ढूंढ रही है। देश के बहुत से संवेदनशील और जागरूक नागरिकों को इन बातों पर आपत्ति है विपक्ष भी इन पर सवाल उठाता रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इन सवालों और विरोधियों का भी मखौल उड़ाते नजर आते हैं। किसी घोषणा के बाद अगर मोदी जीतंज भरे लहजे में यह कहते हैं कि अब विपक्ष उनकी निंदा करेगा तो इसका मतलब यही है कि उन्हें किसी आलोचना या निंदा की प्रवाह नहीं है। मानो उन्हें यह पता है कि इस देश में सत्ता अब उनके लिए ही सुरक्षित है। लोकतंत्र के लिए यह खतरनाक स्थिति है।

लोकतंत्र में बहुमत राजनैतिक तौर पर ताकतवर होने का प्रतीक होता हैलेकिन बहुमत उद्दंडता की ओर बढ़े तो लोकतंत्र कमजोर होता है। यह देखना दुखद है कि इस वक्त गोदी मीडिया लोकतंत्र को कमजोर करने की इस मुहिम में भागीदार बन रहा है। किसान आंदोलन को लेकर नफरत ही माहौल बनाने में मीडिया की बड़ी भूमिका रही है। इस वजह से बहुत से लोग यह मानने लगे हैं कि किसान आंदोलन के कारण उनका बहुत नुकसान हो रहा है। किसानों के सड़क पर बैठने से लोगों को तकलीफ है किसान जंतर मंतर पर प्रदर्शन करना चाहे तो उसकी इजाजत उन्हें नहीं मिलती किसान दूसरी जगह आंदोलन करें तो भी उन्हें ही फटकार मिलती है। आज किस सालों को खलनायक की तरह पेश किया जा रहा है उससे पहले यही सलूक धर्मनिरपेक्षता और सहिष्णुता की बात करने वालों के साथ किया गया था आगे भी जो सरकार के खिलाफ खड़ा दिखाई देगा उसे ही खलनायक बना दिया जाएगा। मंदिर बनाने के लिए रास्ता बनाते बनाते लोकतंत्र को हताश कर दिया गया है। यहां से सही रास्ता संविधान में ढूंढने पर मिल सकता है। 70 साल तक देश उसी रास्ते पर चल रहा था। आगे जनता को तय करना है कि वह उदारता सहिष्णुता वाले संविधान सम्मत रास्ते पर चलती है या नफरत हिंसा और शोषण की राजनीति को बढ़ावा देने वाले रास्ते को अपनाती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजनमानस को जागरूक किया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 75 वीं आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आज राष्ट्रीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष व सचिव पूर्णकालिक अलका पांडे के कुशल निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक करने के लिए दिए निर्देश के अनुपालन में तहसील संडीला के विकासखंड की ग्राम पंचायत किनौती मैं शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय तहसीलदार श्री अंबिका चौधरी द्वारा की गई जिसमें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिला महिला कल्याण अधिकारी प्रियंका पांडे द्वारा कन्या सुमंगला योजना बाल सेवा योजना योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथाग्राम पंचायत के प्रधान श्री अरविंद कुमार पाल जी ने अपने ग्राम पंचायत के आम जनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में



जानकारी दी तथा लीगल एंड क्लीनिक के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया जिसमें उन्होंने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अधिकारों की जानकारी दी तथा संविधान के मौलिक कर्तव्य भी बताएं तथा पीएलबी राकेश कुमार, शशांक शुक्ला, राम मूर्ति, धीरेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, अतुल कुमार, श्रीपाल कथा कार्यक्रम की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान के द्वारा बताया गया ऐसे ही कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया जाए तो सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आम जनता को हो सके इस मौके पर उपस्थित तहसीलदार पेशकार नीरज कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर राजीव कुमार अजीत कुमार सिंह रामप्रसाद ग्राम सभा के आम जनमानस मौजूद रहे।

# वार्षिक मेला के उद्घाटन अवसर पर विधायक आशु ने की अपनी निधि से पांच लाख रुपये देने की घोषणा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मल्लावां से हरदोई की ओर हाइवे मार्ग पर मात्र ढाई किलोमीटर की दूरी पर रेलवे क्रॉसिंग के निकट काजीपुर, भिठाई, फरहतनगर, खेमीपुर, साई, बगदाद के मध्य क्षेत्र में विकास खंड माधौगंज की ग्राम सभा मोहद्दीनपुर नई बस्ती स्थित श्री सर्रीबाबा इटिया देवी देवधाम के एक्कीसवें लगने वाले दो दिवसीय वार्षिक मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू द्वारा फीता काटकर किया गया । श्री सर्री बाबा इटिया देवी में मेला कमेटी के रामखेलावन कनौजिया, सिद्धनाथ वर्मा, ओम प्रकाश कनौजिया, अशोक कुमार पटेल, गोपीचरन कनौजिया, रामसिंह, राजेंद्र, मुन्नालाल, रामनाथ, प्रेमचंद, शंकरलाल, शैलेंद्र, अखिलेश, सुशील , सौरभ कुमार कनौजिया, रामनरायन, अनिल कुमार आदि ने पधारे वार्षिक मेले में प्रथम दिवस पर विधायकजी का माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बिलग्राम मल्लावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष सिंह आशू जी ने अपने उद्बोधन में श्री सर्रीबाबा इटिया देवी देवस्थान के परिसर में बने भव्य जय महालक्ष्मी माता मंदिर के परिसर में एक इंडिया मार्का हैंडपंप एवं सोलर लाइट लगवाए जाने के अलावा अपनी विधायक निधि से उक्त देवस्थान सौंदर्यीकरण हेतु पांच लाख रुपये के अनुदान देने की घोषणा की, और मेला कमेटी को सहयोग के रूप में पांच हजार एक सौ रुपये की नकद धनराशि भेट की। कार्यक्रम प्रमुख सहयोगी रामनरेश आर्य ने विधायक द्वारा कराये गए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा पांच लाख रुपये अनुदान दिये जाने की घोषणा पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए मेला कमेटी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित कर उनका आभार जताया। मेले में पधारी डा0 मीना वर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय रामआसरे वर्मा के कर कमलों द्वारा 20 वर्ष पूर्व शुरू कराए गए उक्त मेले के आयोजन की यादगार को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में संजोए जाने के लिए



मेला कमेटी के सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता जाहिर की और देवस्थान में अपना हर संभव सहयोग करने के प्रति सभी को आश्वस्त कराया। इस अवसर पर राम आसरे वर्मा प्रधान, सीपी सिंह प्रधान तेंदुआ , रामखेलावन कनौजिया, अनिल कुमार वर्मा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा आदि ने पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्वर्गीय रामआसरे वर्मा को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए श्री सर्रीबाबा इटिया देवी के परिसर में बने जय महालक्ष्मी माता मन्दिर की अद्भुत शक्ति और उनकी सच्ची महिमा का बखान करते हुए उक्त देवस्थान पर सौंदर्यीकरण के लिए सभी क्षेत्रवासियों से सहयोग करने के लिए अपील की। और महालक्ष्मी माता मन्दिर के निर्माणकर्ता व कार्यक्रम प्रमुख सहयोगी रामनरेश आर्य के आध्यात्मिक स्वभाव संस्कार, ब्यक्तित्व एवं उनके समाज हित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु नौटंकी कार्यक्रम में दर्शकों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी मेले की शांति सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय पुलिस प्रशासन का अपेक्षित सहयोग न मिलने की वजह से शराबी युवकों ने हंगामा भी काटा जिससे नृत्यांगनाओं द्वारा प्रदर्शित किए जा रहे नृत्य को रात में कई बार रोकना पड़ा । हालांकि मेला कमेटी के सदस्यों ने बहुत ही रहम दिली सूझबूझ का परिचय देकर शराबियों व अराजकतत्वों पर अपनी पैनी नजर रखी। मेले में आए हुए सभी दुकानदार भाइयों को निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। मेले में क्षेत्रवासियों द्वारा किए गए आर्थिक सहयोग के लिए ओमप्रकाश ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष रामदास वर्मा के अलावा रामखेलावन कनौजिया, सिद्धनाथ वर्मा, जमुना प्रसाद, सौरभ कुमार कनौजिया, राकेश, नीरज, नितीश कुमार, विनोद,अशोक खेमीपुर, रामविलास, पंकज कुमार, रामनाथ, प्रेमचंद, अशोक कुमार, मुन्नालाल, राम सिंह, राजेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र कुमार रामनारायण, सन्दीप, शिशिर कुमार आदि ने अपना विशेष योगदान दिया।

## पत्रकार एक अनिर्वाचित सांसद और विधायक की तरह होते हैः अम्बरीष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में मंगली पुरवा में स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में तहसील अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्षों की पहली बैठक आहुत की गई। बैठक में संगठन के द्वारा आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई । जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व तहसील अध्यक्षों ने पत्रकारिता के विषय में अपने अपने विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है और अगर कोई पत्रकार के साथ अभद्रता करता है। तो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा लेकिन पत्रकारों से भी उन्होंने पत्रकारिता की गरिमा व मां सम्मान बनाये रखने की अपील की। उन्होंने खास कि ये संगठन पत्रकार संगठन ही नहीं बल्कि एक परिवार संगठन की तरह पत्रकारों की माला पिरोये है। इसके अलावा हरियावां ब्लाक अध्यक्ष अमित अवस्थी के द्वारा शानदार कमेटी का गठन करने पर उन्हें शाबाशी दी। और अमित अवस्थी के द्वारा हरियावां में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बात होर्डिंग लगाने पर भी उन्होंने



अवस्थी की पीठ थपथपाई। तहसील अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना ने पत्रकारों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि पत्रकार एक अनिर्वाचित सांसद और विधायक की तरह होता है। पत्रकार को खबर लिखना चाहिए ना कि किसी मामले में समझौते की इच्छा रखनी चाहिए। तथा सक्सेना ने कहा कि कलम वो ताकत है जो अधिकारी को सच्चाई सुनने के लिए विवश कर देती है। बस पत्रकार को अपने अंदर छुपे इंसान व अपनी कलम की ताकत को पहचानने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के अलावा मंडल सचिव संजय सिंह , जिला महा सचिव रजनीश सिंह,फरहान सागरी जिला कार्यकारिणी, संडीला तहसील अध्यक्ष मुईज सांगरी, बिलग्राम तहसील अध्यक्ष नंद किशोर गुप्ता, तहसील महा मंत्री मुकेश गुप्ता, शाहाबाद तहसील अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना, हरदोई सदर तहसील अध्यक्ष अजय सिंह तथा बेंहदर ब्लाक अध्यक्ष बाल्मीकि वर्मा,भरावन ब्लाक अध्यक्ष मेवालाल मौर्य, कोथावां ब्लाक अध्यक्ष बुद्धसेन सोनी, ब्लाक महामंत्री राजीव रंजन त्रिपाठी, माधौगंज ब्लाक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, ब्लाक महामंत्री डा. श्याम सुंदर शर्मा, हरियावां ब्लाक अध्यक्ष अमित अवस्थी, अहिरोरी ब्लाक अध्यक्ष गोतेन्द्र कुमार तिवारी, रमाकांत मिश्रा ब्लाक उपाध्यक्ष अहिरोरी, के अलावा संदेश वाहक समाचार पत्र के पत्रकार हिमांशु मिश्रा, व सदर महामंत्री सत्येन्द्र पांडेय उपस्थित रहे।

# अभितोष गिरी उर्फ सोनू को बनाया गया समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : प्रदेश में अभितोष गिरी उर्फ सोनू गिरी को प्रदेश सचिव युवजन सभा का बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उरुवा बाजार मे भब्य स्वागत किया और लोगों मे काफी उत्साह देखने को मिला।जब अभितोष गिरी से पुछा गया कि आपको समाजवादी पार्टी में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है इस जिम्मेदारी से आप कैसे निपटेंगे तो उन्होंने बड़े ही सरल स्वभाव मे उत्तर दिया कि अगर पार्टी ने हमें जिम्मेदारी दी है तो उसे हम अपने पार्टी के हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश की जनता को उसके हक की लड़ाई को लड़ते हुए 2022 मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनायेंगे जिससे प्रदेश का विकास हो सके।नौजवानों को रोजगार मिल सके। इस मौके पर मुन्ना दुबे , कादम्बरी दुबे ,विजय गोस्वामी ,रंजीत आर्या, वेद प्रकाश चौधरी ,भीम



यादव, सुधीर यादव ,नागेंद्र यादव, अजमल शेख, आदित्य गौड़ ,फारुख अली ,मिर्जा कबीर बेक सहित हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## सिटी मजिस्ट्रेट–सीओ सिटी की अध्यक्षता में कोतवाली नगर के मालखाने का सत्यापन खोलेगा कई राज, दीवान फरार

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : नगर कोतवाली के माल खाने में हुए बड़े गोलमाल के बाद दीवान राजेंद्र प्रसाद पांडे के खिलाफ दर्ज मुकदमे की अगली कड़ी में माल खाने का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। डीएम रवीश गुप्ता के निर्देश पर सिटी विधेश कुमार और सीओ सिटी राघवेंद्र चतुर्वेदी ने सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए माल खाने में मौजूद मुकदमे से संबंधित साक्ष्य सामग्रियों की सूची बनाई जा रही है। प्रमाण के रूप में वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है। सूत्र कहते हैं कि नई एफ आई आर दर्ज होने के बाद से दीवान राजेंद्र प्रसाद फरार हो गए हैं। उनकी पेंशन पर रोक लगा दी गई है। 'नगर कोतवाल आशीष उपाध्याय कहते हैं कि नए दीवान बृज किशोर को माल




खाने का नया चार्ज दिया जा रहा है। अन्य गायब सामग्री का विवरण विवेचना में जोड़ दिया जाएगा।

## गोमती मित्र विसर्जन शोभायात्रा के आगमन के पहले तट साफ करने में जुटे

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जब स्वच्छता की बात आती है तो जनपद में सबसे पहले गोमती मित्र मंडल का नाम लोगों के जेहन में आता है,हो भी क्यों ना,पिछले दस वर्षों से गोमती मित्रों ने स्वच्छता जागरूकता की जो अलख जला रखी है वो अपने आप में बेमिसाल है, कैसी भी परिस्थिति हो सीता कुंड धाम को स्वच्छ,सुरक्षित रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते, मां की प्रतिमाओं के विसर्जन शोभायात्रा के पहले तट पूरी तरीके से बढ़े जलस्तर की वजह से जमा मिट्टी से साफ हो जाए इसके लिए गोमती मित्र युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं,यह कहना है वरिष्ठ युवा सदस्य धर्मेंद्र वर्मा का,प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन एवं मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी बताते हैं कि आने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए गोमती मित्र धाम के हर कोने को व्यवस्थित करने में जुट गए



हैं,रविवार को साप्ताहिक श्रमदान के दिन प्रातः ०६:०० बजे से ही गोमती मित्रों ने सफाई शुरू कर दी थी जो १०:०० बजे तक अनवरत चलती रही,,मुख्य रूप से उपस्थित रहे संरक्षक रतन कसौधन,राजेश पाठक,अजय प्रताप सिंह,डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,मुन्ना सोनी,अरविंद सोनी,युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा,सोनू सिंह,महेश प्रताप,युवराज,आयुष सोनी,प्रांजल,अर्जुन,अभय,वासु राज,लकी आदि।

# साइकिल चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

डीकेयू गोला ब्लॉक ब्यूरो कृष्णा गौड़ : गोला थाना क्षेत्र के डड़वापार चौराहा पर स्थित एक विद्यालय से सोमवार को साइकिल चुराते हुए एक चोर को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया।और विद्यालय के सामने एक पेड़ मे बांधकर पुलिस को सुचना दिया। प्राप्त बिबरण के अनुसार डड़वापार चौराहा पर स्थित कैलाशी देवी इंटर कालेज के छात्र अपनी सायकल विद्यालय के सामने खड़ा कर अंदर चले गए। तभी एक चोर एक साइकिल को उठाकर डाड़ी की तरफ ले कर भागने लगा। स्थानीय लोगों ने उसे साइकिल चुराते हुए देख लिया। और दौड़ाकर पकड़ लिए और एक पेड़ मे बांध दिया।उसके बाद पुलिस को सुचना दिया।चोर इसी क्षेत्र के कोटियां का रहने वाला है। मौके पर पहुंची गोला पुलिस उसे पकड़कर



थाने पर ले गई। इस संबंध मे थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार का कहना है, कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ब्लॉक स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत विकासखंड बावन के सभागार में ब्लॉक स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इस कार्यक्रम में बावन ब्लॉक के ग्राम निजामपुर, सकतपुर, भिटारी ,मुजाहिदपुर, बरखेरा, दरवेशपुर, मझरेता, रुकमनापुर ,बगहा ग्राम के 100 से अधिक कृषकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ मुकेश सिंह ,डॉ दीपक कुमार मिश्र एवं डॉ डीबी सिंह व खंड विकास अधिकारी डॉ एस एन राम ने सहभाग किया। इसमें किसानों को फसल अवशेष ना जलाने के लिए अच्छी प्रकार से जागरूक किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ मुकेश सिंह ने फसल के अवशेष को जलाने से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा केंद्र के वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार मिश्र ने फसल अवशेष प्रबंधन करने से क्या–क्या लाभ होते हैं एवं मृदा में इससे क्या फायदे होते हैं के बारे में विस्तार पूर्वक कृ



षकों को जागरूक किया। केंद्र के वैज्ञानिक एवं फसल प्रबंधन योजना के नोडल अधिकारी डॉ डीबी सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन में प्रयोग होने वाले यंत्रों एवं वेस्ट डी कंपोजर के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा खंड विकास अधिकारी एस एन राम ने फसल अवशेष प्रबंधन पर दी गई जानकारियों को कृषकों से अपील की कि इसको को पूर्णता अपने क्षेत्र पर अपनाएं एवं फसल अवशेष को ना जलाएं। कार्यक्रम का संचालन डॉ डी बी सिंह ने तथा धन्यवाद प्रस्ताव डॉ दीपक कुमार मिश्र ने दिया।

# जौनपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में पितामह स्व पंडित चन्द्रेश मिश्रा जी को अर्पित किया श्रद्धासुमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पत्रकार भवन पर वरिष्ठ पत्रकार/ जौनपुर में पत्रकारों के पितामह की भूमिका में रहे पंडित चन्द्रेश मिश्रा जी के निधन पर प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष कपिल देव मौर्य की अध्यक्षता में एक शोक सभा किया गया। इस अवसर पर शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों ने स्व पंडित जी के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि पंडित चन्द्रेश मिश्रा जी के निधन से जौनपुर के पत्रकार जगत में एक पीढ़ी का अन्त हो गया है। पंडित जी अपने पत्रकारिता की ऐसी मिशाल कायम किये थे जो मील का पत्थर साबित हो गई है। पत्रकारिता के जरिए समाज की समस्याओ को लेकर बेबाक टिप्पणी करते हुए प्रशासन का ध्यानाकर्षण कर उसके निराकरण में महती भूमिका निभाते रहे है। पंडित जी वाराणसी मंडल से प्रकाशित होने वाले कई लीडिंग अखबार में अपनी सेवायें देते हुए समाज की सेवा करते रहे है। जनपद के केराकत तहसील स्थित ग्राम छातीडीह में 11 जून 1928 को जन्म लेने वाले पंडित जी शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने के बाद जनपद जौनपुर मुख्यालय पर स्थित राज कालेज में बतौर शिक्षक के रूप में अपनी सामाजिक भूमिका शुरू करने वाले पंडित चन्द्रेश



मिश्रा जी शिक्षक के साथ साथ अखबारी दुनियां में एक स्तंभ के रूप में उभरे और अपना लोहा मनवाया। पंडित चन्द्रेश मिश्रा जी के निधन से समाज सहित जौनपुर की मीडिया जगत को एक बड़ी एवं अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके निधन से जौनपुर की पूरी मीडिया दुखी और मर्माहत है। शोक सभा में जौनपुर प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कान्त पान्डेय, महामंत्री शम्भुनाथ सिंह, तहसील बदलापुर अध्यक्ष केदार नाथ सिंह, आशीष पान्डेय कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायन यादव, अवधेश तिवारी अरूण कुमार श्रीवास्तव, भूलेश्वर पुष्कर महामंत्री बदलापुर, सुजीत कुमार वर्मा आदि पत्रकार गण उपस्थित रह कर पंडित जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके सदगुणो को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# किसानों,कमेरों, गरिबों व मजदूरों के लिए हमेशा सर्घष करते थे डॉक्टर पटेल : कृष्णा पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के मड़ियाहूं विधान सभा क्षेत्र के भवानीगंज में अपना दल पार्टी संस्थापक डा.सोनेलाल पटेल की श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी संस्थापक के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पटेल ने कहा कि अपना दल के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल के सानिध्य में कार्य करने का मौका मिला था। बताया कि वर्ष 1999 में पीडी टंडन पार्क प्रयागराज में जो सरकार के द्वारा डा.पटेल के कारवां को रोकने के लिए लाठीचार्ज की गई थी उन्होंने कहा कि सोनेलाल किसानों,शोषितो, वंचितो व दलितों के मसीहा के रूप में जाने जाते है। आजीवन इनके हक अधिकार के लिए प्रदेश ही नही देश के कई प्रांतों में भ्रमण कर लोगों में स्वाभिमान जगाया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रुप में श्रीमती पल्लवी पटेल ने कहा कि डॉक्टर सोने लाल पटेल के द्वारा किये गये कार्यो को हम सभी लोग कभी भुला नही सकते उन्होंने हमेशा गरिबों,किसानों,मजदूरों की बात करते थे उन्होंने कहा उनकी सोच थी देश में सामान शिक्षा नीति लागू हो जिससे गरीब का भी बच्चा अच्छी शिक्षा ले सके उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार पूरी तरह से सरकार चलाने में विफल है आलम यह है कि देश में पूरी तरह से



बेरोजगारी,भ्रष्टाचार,महंगाई है ऐसी स्थिति में किसान,मजदूर आत्म हत्या करने पर मजबूर है जो कि इन लोगों को दिखाई नहीं दे रहा है उन्हीं के साथ सरकार के साथ सत्ता में बैठे कुछ लोग अपना दल पार्टी के बारे में हमेशा गलत नीतियों का प्रयोग कर रहे हैं पल्लवी पटेल ने मंच के माध्यम से कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल के साथ हुई घटना का सीबीआई जांच कराया जाए ताकि उनके हत्यारों को सजा मिल सके द्य इस दौरान अरविन्द कुमार पटेल जिला उपाध्यक्ष,विनय कुमार सिंह,बाबू राम पटेल,श्यामधारी पटेल,महेन्द्र कुमार,त्रिभुवन पटेल,मिठाई लाल, हारिस खान,चितबहाल पटेल, इन्द्रेश पटेल,राम चन्दर कनौजिया,दीना नाथ सरोज,आदि हजारों लोग मौजूद रहे।अध्यक्षता सुनील पटेल व संचालन दिपक कश्यप ने किया।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र मड़ियाहूं में शिक्षा उन्नयन गोष्ठी त्रैवार्षिक अधिवेशन का आयोजन सम्पन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कल दिनांक 17– 10– 2021 को ब्लॉक संसाधन केंद्र मड़ियाहूं के प्रांगण में शिक्षा उन्नयन गोष्ठी त्रैवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया आज ही उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मड़ियाहूं का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से राम प्रसाद यादव को अध्यक्ष पवनदीप चौधरी महामंत्री संतोष कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास कुमार पाल संयुक्त मंत्री सेवालाल पटेल को कोषाध्यक्ष चुना गया चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में सुनील कुमार यादव , शिवेंद्र सिंह रानू उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से राय साहब यादव ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ रवि चंद यादव जिला मंत्री आनंद कुमार यादव शिव कुमार सरोज दीपक सिंह लाल बहादुर यादव ओबैदुर्रहमान उपाध्यक्ष अच्छेलाल यादव उपाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव संगठन मंत्री कमलेश यादव अरुण कुमार सिंह हंसराज यादव विनोद यादव पृथ्वीराज विश्वकर्मा आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे ब्लॉक निर्वाचन इकाई विकासखंड मडियाहू जौनपुर इस प्रकार है राम प्रसाद यादव अध्यक्ष, पवनदीप चौधरी ब्लॉक मंत्री ,संतोष कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विकास कुमार पाल संयुक्त मंत्री, सेवालाल पटेल कोषाध्यक्ष ,ओबैदुर रहमान उपाध्यक्ष, अरविंद कुमार यादव उपाध्यक्ष, राकेश कुमार यादव संगठन मंत्री, अच्छेलाल यादव उपाध्यक्ष ,डॉ विपिन कुमार मिश्र मीडिया प्रभारी, जय सिंह यादव संगठन मंत्री, जितेंद्र कुमार गुप्ता संगठन मंत्री,





लाल बहादुर यादव उपाध्यक्ष ,सुरेश कुमार यादव संगठन मंत्री, फुर्ती लाल उपाध्यक्ष ,नीलम संगठन मंत्री महिला, जितेंद्र कुमार प्रचार मंत्री, अजय कुमार सिंह प्रचार मंत्री ,राकेश कुमार प्रचार मंत्री, विजय शंकर दुबे उपाध्यक्ष, अंत में सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# सर्वोदय आश्रम ने डा0 निर्मला देशपांडे की जयंती मनायी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रचनात्मकता की पक्षधार सर्वोदय नेत्री डा0 निर्मला देशपांडे ने राष्ट्र पिता बापू एवं भूदान यज्ञ के प्रेरणा स्रोत सन्त विनोबा भावे के विचारों को जन जन तक पहुँच कर क्रान्ति चेतना पैदा कर समाज को नयी दिशा दी। उपरोक्त विचार विनोबा भावे की मानस पुत्री की 93 वीं जयन्ती समारोह में सर्वोदय आश्रम सिकन्दरपुर हरदोई के प्रांगण में आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किये गए। तथा डा0 निर्मला देशपांडे के जयन्ती समारोह को यादगार बनाने के लिए 51 औषधीय वाली वाटिका भी डा0 निर्मला देशपांडे औषधीय वाटिका नाम से लगायी गई। इस अवसर पर सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने एक औषधीय पौधा भी रोपित किया तथा श्रध्दा एवं भक्ति के साथ डा0 निर्मला देशपांडे के जन्म से पुण्य दिवस तक कई अनुभव सुनते हुए उनका जीवन परिचय विस्तार से बताया। मिशन आरोग्यकर सर्वोदय आश्रम हरदोई के जिला समन्वयक बृजेश कुमार सक्सेना ने संचालन किया। जिसमें ऊषा वर्मा, प्रेम सिह एकलव्य कुमार, प्रमिला श्रीवास्तव, सरोजनी गरिमा हुजुर जहां, नीतू गौरीशंकर, शर्मा जी इत्यादि ने भी सम्बोधन दिया अन्त में विजय ने आभार व्यक्त किया।

# "सर सैयद डे" का हुआ आयोजन



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहल्ला सिपाह स्थित "सर सैय्यद डे" का आयोजन रिटायर्ड इंजीनियर हाजी जियाउद्दीन अंसारी के आवास पर आहूत की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक व रिटायर्ड इंजीनियर हाजी मोहम्मद जियाउद्दीन अंसारी ने किया। अपने उदबोधन में जनाब अंसारी ने कहा कि हम सभी को एक दूसरे के काम आना चाहिए, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ही नही बल्कि सभी लोग एवं सभी धर्म के लोगो के साथ मिलजुलकर व भाई चारे के साथ रहना चाहिए। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 क्षितिज शर्मा के0जी0 डायग्नोस्टिक , ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जिस प्रकार सर सैयद अहमद खा ने शिक्षा को लोगों के बीच आगे बढ़ाया है उसी प्रकार हम लोगों को चाहिए कि समाज में जो लोग किसी कारणवश शिक्षा को हासिल नहीं कर पा रहे हैं ऐसे में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के ओल्ड बॉयज /संस्था को चाहिए कि उन लोगो का मदद करते हुए शिक्षा ग्रहण करने के लिए जोर देना चाहिए। इंजीनियर असलम अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम में आए हुए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर श्रीकांत, शफीउज्जमा, मोहम्मद फिरोज, एडवोकेट परवेज खान (बादशाह), एडवोकेट दानिश, शायर वहेदत जौनपुरी, रिटायर्ड लेक्चर बाबू खान और साथ में ओल्ड अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट मौजूद रहे।

## 14 नवंबर को होगा विशाल कायस्थ सम्मेलन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊ। जौनपुर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित रमेश श्रीवास्तव जी के आवास पर उत्पन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में आगामी नवंबर माह की 14 तारीख को लखनऊ में कायस्थ समाज के एक विशाल सम्मेलन को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया । बैठक में कायस्थ समाज के विशाल सम्मेलन की रूपरेखा को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सम्मेलन के सफल संचालन हेतु 11 सदस्यों की समिति भी गठित करने का निर्णय लिया गया। यह समिति कार्यक्रम के संचालन में मेहमानों की सूची, कार्यक्रम की रूपरेखा व उसके खर्च के साथ अन्य कार्य की देखरेख करेगी । इस मौके पर डॉक्टर इंद्रसेन श्रीवास्तव जी ने प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संपन्न कराने की अपील करते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में प्रमुख रूप से रमेश श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, मोहनलाल श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, धीरेंद्र श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, शेखर श्रीवास्तव, गिरीश कुमार श्रीवास्तव, ब्रजकिशोर श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार जौहरी, वीके भटनागर व नितिन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ दशहरा व भरत मिलाप का कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीराम लीला व भरत मिलाप कमेटी सिपाह का ऐतिहासिक दशहरा व भरत मिलाप सिपाह चौराहे पर हर्षोउल्लास के साथ सम्मन हुआ। कायक्रम सयोजक मनीष श्रीवास्तव सभासद ने बताया कि पिछले वर्ष कोविड के कारण भरत मिलाप कार्यक्रम नही हो पाया था इस वर्ष भी कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए



, इस आयोजन को सिमित ढंग से पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान रामजी की सेना और रावण की सेना के युद्ध उपरांत रावण के पुतले का दहन करके किया गया भगवान राम लक्ष्मण सीता माता के साथ अपने दरबार पर विराजमान हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव व डॉ अशोक अस्थाना जी द्वारा भगवान की माल्यार्पण कर पूजन कर भरत मिलाप का शुभारंभ किया गया सिपाह चौराहे पर गाजे बाजे के साथ भगवान राम लक्ष्मण जी और भगवान भरत शत्रुघ्न जी का मिलन हुआ इस उत्सव को देखने के लिए हजारों की भीड़ वहां उपस्थित रहे तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव व संरक्षक मनीष श्रीवास्तव जी वरिष्ठ पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक द्वारा भगवान की आरती की गयी। भरत मिलाप कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल श्रीवास्तव बबलू गौरव श्रीवास्तव राम भरत यादव मनीष श्रीवास्तव सभासद अनूप यादव मनीष श्रीवास्तव राजेश यादव अविनाश श्रीवास्तव स्वतंत्र दिवेदी सौरभ श्रीवास्तव अरविंद यादव हीरालाल यादव गौतम यादव आदि लोग रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अंतर्जनपदीय धर्मोत्सव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अंतर्जनपदीय धर्मोत्सव का आयोजन बुधवार को 08 बजे से परी मैरिज लॉन, विसरात रोड ,शाहजहांपुर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित इस धर्मोत्सव में संतों भक्तों के अलावा जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे।शिव सत्संग मण्डल के जिलाध्यक्ष डॉ कालिका प्रसाद के अनुसार धर्मोत्सव का मुख्य आकर्षण सामूहिक शिव अर्चना होगी।इस धार्मिक आयोजन में महर्षि वाल्मीकि का व्यक्तित्व एवं कृतित्व, शाकाहार जीवन का आधार,सत्संग की महिमा,शिवत्व से अमरत्व की प्राप्ति,संत परंपरा एवं भारतीय संस्कृति,आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रवचन एवं भजन होंगे।धर्मोत्सव में मंडल अध्यक्ष आचार्य अशोक,प्रचारक यमुना प्रसाद,राम किशोर,रामावतार,प्रचार प्रमुख महावीर सिंह,प्रेम कुमार,लखीमपुर जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद, लखनऊ मंडल अध्यक्ष राजेश पांडेय सहित अनेक विद्वतजनों का पाथेय प्राप्त होगा।जिला महामंत्री रजनीश सक्सेना के अनुसार महर्षि वाल्मीकि जयंती,एक भारतीय त्यौहार है। जिसे विशेष रूप से धार्मिक समूहों द्वारा मनाया जाता है, प्राचीन भारतीय दार्शनिक वाल्मीकि का पुण्य स्मरण करने के लिए,यह दिवस समारोह पूर्वक शिव सत्संग मण्डल द्वारा मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजन में सात्विक प्रवृत्ति के धर्मप्रेमी जन सपरिवार,इष्ट,मित्र सहित सम्मिलित हो सकते हैं।


## आवश्यक सूचना

**मेरा नाम चन्दा उर्फ पुष्पलता पत्नी विनोद कुमार दोनों एक ही हैं भविश्य में मुझे पुष्पलता के नाम से जाना जाये। निवेदक – पुष्पलता पत्नी विनोद कुमार, ग्रा० पूरे परौती लाल पो० वलीपुर मौजा हेमनापुर जिला सुलतानपुर उत्तर प्रदेश फोन नं 9454908281**


# मल्हनी बाजार में ना तो शौचालय और ना ही कूड़ेदान : लिंक रोड की उड़ रही धज्जियाँ

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : जौनपुर शहर के सदर विधानसभा पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्र होने के नाते यहां के लोग सुविधाओं से वंचित हैं। बिजली, सड़क, चिकित्सा और शिक्षा लोगों की अहम जरूरत है। चिकित्सा व शिक्षा का हाल तो कुछ हद तक ठीक है पर बिजली व सड़क ने हमेशा मयूस किया है। गड्ढे में तब्दील मल्हनी बाजार के अतरौरा मोड से लपरी लिंक रोड सड़क बदहाली और पिछड़ेपन की गवाह हैं। मल्हनी बाजार में छोटी बडी मिलाकर कुल 300 से अधिक दुकानें हैं, लगभग 20 गांव सटे हैं और प्रतिदिन हजारों लोग यहॉ से खरीदारी करते है।लेकिन अभी तक यहां पर एक भी सामूहिक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है और ना तो बाजार में कुडा निस्तारण के लिए एक भी कूड़ा दान रखा गया है। बाजार में शौचालय और कूड़ा दान ना होने के कारण पंजाब नेशनल बैंक के सामने इंटरलॉकिंग सड़क किनारे खुले मे लोग शौच कर रहे हैं और बाजार का कूड़ा फेंक रहे हैं इससे दुर्गंध ही नहीं बल्कि मवेशियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। आए दिन भोजन की तलाश में मवेशी यहां आकर प्लास्टिक खा लेते हैं जिससे बाद में उनकी दर्दनाक मृत्यु हो जाती है। कचरे से निकलने वाली दुर्गंध ने बाजार वासियों का जीना मुहाल कर दिया है।कई बार बाजार वासियों ने कूड़ा निस्तारण और सामूहिक शौचालय के लिए प्रशासन से गुहार भी लगाई लेकिन परिणाम विफल रहा। इतना ही नहीं मल्हनी बाजार में स्थित अफलेपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने भी प्लास्टिक का अंबार लगा है। चारों तरफ प्लास्टिक ही नजर आ रहे हैं।लेकिन इनकी खबर लेने वाला कोई नहीं, लोग यहां आते है चुपचाप कूड़ा कचरा फेंक कर चले जाते हैं उन्हें रोक टोक करने के लिए यहां कोई नहीं। मलेरिया,टाइफाइड,डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारी से यहां के लोग बुरी तरह प्रभावित हैं।दिन प्रतिदिन संक्रामक बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।अगर समय रहते बाजार में सामूहिक शौचालय और कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं हो पाई तो आसपास के क्षेत्रों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ जाएगा।अगर समय रहते प्रशासन की तरफ से कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया तो संक्रामक बीमारी के साथ–साथ,वायु गुणवत्ता सूचकांक





भी बुरी तरह से प्रभावित होगा। बाजार वासियों का दर्द। अतरौरा मोड(मल्हनी बाजार) से लपरी लिंक रोड का हाल बेहाल है। कई वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक ना तो सड़क की मरम्मत हुई और ना ही नवीनीकरण हो पाया सड़क में बने बड़े–बड़े गड्ढे,उखडे गिट्टी मे लोग गिरकर प्रतिदिन घायल हो रहे,सडक पर चल रहे वाहन भी खटारा हो गए हैं जो किसी भी समय बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं। हमने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।सरकार को इस सड़क पर अवश्य ध्यान देना चाहिए और सडक को जल्द गड्ढा मुक्त करना चाहिए। संक्रामक बीमारियों का भय। बाजार में प्लास्टिक का अंबार गजा हुआ है।प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है।फल सब्जी मिठाई बेचने वाले दुकानदार इसका प्रयोग खूब धड़ल्ले से कर रहे हैं।कुछ दिन पहले सरकार की कड़ी प्रक्रिया अपनाने के बाद इसका उपयोग हद तक कम कर दी गई थी लेकिन जैसे–जैसे प्रशासन सुस्त होता गया वैसे वैसे प्लास्टिक की बिक्री फिर तेज हो गई।मल्हनी बाजार पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्र है और कई गांव से जुड़ा हुआ है कई गांव के लोग यहां अपनी छोटी बड़ी दुकान खोल रखे हैं ।लेकिन ना तो यहां कूड़ा निस्तारण के लिए कोई सुविधा और ना ही कोई सामूहिक शौचालय बना है जिसके कारण बाजार में जगह–जगह कूड़े का ढेर लग गया है और इसके दुर्गंध से जनता बेहाल है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

# बाइक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के कोरीडिहा इटौरी मार्ग पर सोमवार सुबह बाइक की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मेहरांवा गांव के निवासी सीताराम प्रजापति 90 वर्ष कोरीडिहा इटौरी मार्ग पर अपने घर के सामने टहल रहे थे।इसी दौरान कोरीडिहा की तरफ से तेज गति से आ रही है एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी और वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए इस दौरान बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया तभी सामने से आ रही एक और बाइक में जोरदार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, उधर घटनास्थल पर ही सीताराम ने दम तोड़ दिया घायल बाइक सवार की हालत बिगड़ते देख ग्रामीणों ने आपातकालीन एंबुलेंस 108 को फोन कर बुलाया



और जिला अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया है। वही दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# अनुसूचित जाति का हित भाजपा में ही सुरक्षित है, अन्य दल केवल गुमराह करने का काम करते हैः राजकुमार फुलवारियां


जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वाधान में जिला कार्यसमिति की बैठक सोमवार को जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय सरोज के अध्यक्षता में हुआ, तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज जौनपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार फुलवरिया मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री अशोक सोनकर उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश और केन्द्र सरकार लगातार देश को नई ऊचाइंयों पर ले जाने का काम कर रही है, कोविड महामारी के दौरान सरकार ने जिस तरह से हर व्यक्ति का ध्यान रखा है वह सराहनीय है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास मुद्दे पर हम काम कर रहे हैं। अनुसूचित जाति का हित भारतीय जनता पार्टी में ही सुरक्षित है, अन्य दल केवल गुमराह करने का काम करते हैं, सरकार सभी को सशक्त और मजबूत बनाने का काम कर रही है। विशिष्ट अतिथि अशोक सोनकर ने कहा कि बीजपी अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जिला से लेकर बूथ स्तर और मोहल्ला स्तर तक पहुंचने की जरुरत है, ताकि राज्य के अनुसूचित समाज के अंतिम व्यक्ति तक मोर्चा का पहुंच हो सके, तभी अनुसूचित समाज के लोगों के में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से बदलाव लाया जा सकेगा। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में जीत के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जो कार्यकर्ता आज सामने बैठे हैं वही कल मंच पर बैठेंगे, अनुसूचित जाति के लोग जाग चुके हैं। वह मजबूती से भाजपा के साथ हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति अजय सरोज ने कहा कि भाजपा ने सबका सम्मान सबका विकास को ही आधार बनाकर काम किया, विपक्षी दल अब तक अनुसूचित जाति को देश की मूल धारा से हटाने का काम करते रहे, जबकि उनका सही सम्मान भाजपा सरकार में किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय ने किया। उक्त अवसर पर संजय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय पासवान, प्रदेश शोध प्रमुख अभिषेक, नन्दलाल सरोज, रावत जिला उपाध्यक्ष मोन्टीराज, मिथिलेश सरोज, निखिल सोनकर जिला पदाधिकारी गण एव मण्डल अध्यक्ष गण उपस्थित रहें।

## व्यापारी ने दंपती पर दर्ज कराया 45.65 लाख ठगने का मुकदमा

लखनऊ ब्यूरो : डीपी एसोसिएट के नाम से कार बाजार संचालित करने वाली दंपती अजीत पाठक व रिया पाठक निवासी खरगापुर स्थित विरासत पैलेस पर व्यापारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने 49.65 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन से गुहार लगाई। उनके आदेश पर गोमतीनगर विस्तार थाने में केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर कौशलपुरी कालोनी में अविनाश मणि त्रिपाठी परिवार सहित रहते हैं। अविनाश के मुताबिक खरगापुर स्थित विरासत पैलेस निवासी अजीत पाठक व उनकी पत्नी रिया पाठक मलेसेमऊ में डीपी एसोसिएट के नाम से कार बाजार संचालित करते हैं। जून 2020 में दंपति ने गाड़ियों के व्यापार के लिए उधार मांगा था। परिचित होने के कारण अविनाश ने हामी भर दी। जून से मार्च के बीच में अविनाश ने नकद और खाते में 49.65 लाख रुपये दंपति को दिये। समय बीत जाने के बाद भी दंपति ने रुपये वापस नहीं किये। जब रकम वापस मांगी तो दंपति ने टालमटोल शुरू किया। इसके बाद सितंबर महीने में दबाव बनाया तो मलेशेमऊ स्थित कार्यालय बुलाया। जहां मारपीट करने लगे। आरोप है कि जालसाज दंपति फर्जी एसोसिएट बनाकर फर्जीवाड़ा करता है। एक सप्ताह पहले पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन से मुलाकात कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसकी जांच करने के बाद गोमतीनगर विस्तार थाने में दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर विस्तार राजेश द्विवेदी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# न्याय पाने के लिये थाना से सीएम तक गुहार लगा रही पीडिता ,मिल रहा तो आश्वासन या फिर धमकी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ) वर्तमान समय में जहां एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि किसी भी महिला का उत्पीड़न किसी भी तरीके से ना किया जाए।वहीं इसी कड़ी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उन्होंने महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा पर विशेष बल देते नजर आ रहे हैं।वही वह मिशन शक्ति अभियान योजना के तहत महिलाओं छात्राओं व लड़कियों की सुरक्षा के लिए अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि किसी भी तरीके से इन्हें परेशानी ना हो।लेकिन इनके आदेश की धज्जियां अयोध्या जनपद के थाना पूरा कलंदर क्षेत्र में उड़ती नजर आ रही है। जिसका नजारा उस समय देखने को मिला कि जब थाना पूराकलंदर की उसरू अमौना क्षेत्र निवासी दीपा उपाध्याय पुत्री चंद्र भूषण उपाध्याय ने थाना पूरा कलंदर क्षेत्र में तैनात कांस्टेबल दुर्गेश तिवारी पर आरोप लगाया कि उनके सह पर उन्हें व उनके परिजनों को प्रताड़ित किया जा रहा है।इसकी शिकायत पीड़िता दीपा उपाध्याय पुत्री चंद्र भूषण उपाध्याय निवासी उसरू अमौना थाना पूरा कलंदर के मुताबिक पूराकंलदर थाना से मुख्यमंत्री तक किया लेकिन उसे चारों तरफ से निराशा ही नजर आ रही है। देश की उपासना व नव भारत चेतना न्यूज चौनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से बात करते हुए पीड़िता दीपा ने बताया कि अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं अब अदालत का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होगी और इसके साथ साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरवाजे पर भी धरने पर बैठेगी।उन्होंने बताया के 1 जुलाई 2021 को जब उसके पिता खेत गए थे तभी विपक्षियों ने प्रार्थनी दीपा उपाध्याय पुत्री चंद्र भूषण उपाध्याय के घर पर एक दरवाजा लगा हुआ था। जिसको पुरानी रंजिश में प्रार्थना पत्र के मुताबिक गांव के ही निवासी भगवती चरण वा संजय कुमार पुत्र गण कैलाश नारायण व अनूप कुमार पुत्र गण गौरी सरल व अतुल कुमार सूरज कुमार पुत्र गण संजय कुमार एकत्र होकर लाठी–डंडों से लैस होकर आरोप के मुताबिक के उसको मारने पीटने लगे।इस संबंध में प्रार्थना पत्र दीपा पुत्री चंद्र भूषण उपाध्याय ने बताया कि उसके मकान में लगा दरवाजे को भी तोड़ने लगे व गिराने लगे।जब प्रार्थिनी दीपा उक्त लोगों को गाली देने व दरवाजा गिराने के लिए मना किया तो विपक्षियों ने आरोप के मुताबिक भुक्तभोगी व उसके परिजन को जान से मारने की धमकी देते हुए और गाली देकर दरवाजा तोड़ते हुए निकल गए। वही आवेदन पत्र के माध्यम से प्रार्थिनी दीपा ने कहा कि हमने इस बारे में मुख्यमंत्री के साथ–साथ पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज जिला अधिकारी अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या क्षेत्राधिकारी अयोध्या थाना पूरा कलंदर अयोध्या उप जिलाधिकारी सोहावल



के साथ–साथ समाधान दिवस थाना दिवस में भी गई।इससे संबंधित सभी कागजातों को दिखाते हुये उसने कहा कि मैं तो सब जगह गई लेकिन सुनवाई कुछ नहीं हुई। अगर मिला तो सिर्फ आश्वासन। इस पर पीड़िता ने बताया कि विपक्ष की तरफ से संजय कुमार जो कि होमगार्ड है वह उसे धमकी देता है कि मैं होमगार्ड हूं तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।इस संबंध में पीड़िता दीपा ने होमगार्ड कमांडेंट के अलावा कई जगह जाकर कई अधिकारियों के दरवाजे पर आवेदन पत्र दिया परंतु उससे कुछ हासिल नहीं हुआ।बल्कि निराशा ही मिली वही प्रार्थनीय दीपा उपाध्याय पुत्री चंद्र भूषण उपाध्याय ने बताया कि अभी एक–दो दिन पहले भी विपक्षियों ने हम पर हमला किया तब उसके बाद हम लोग जाकर प्रार्थना पत्र स्थानीय थाना पूराकलंदर पर ले गए।लेकिन वहां पर भी यह कहकर हम लोगों को भगा दिया गया कि जाइए पहले जांच कराइये और आज तक उस पर कोई कार्यवाही नही हुई।भुक्तभोगी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि अगर मेरी सुनवाई इस प्रकरण में नहीं होती है तो मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलूंगी।परंतु यहां पर इस थाने पर तैनात कांस्टेबल दुर्गेश तिवारी की तैनाती छः माह से है जो वह हम लोगों को प्रताड़ित कर रहा है।उन्होंने बताया कि कांस्टेबल दुर्गेश तिवारी को थाना पूरा कलंदर में आए छः माह हुआ है जो कि हम लोगों को प्रताड़ित कर रहा है। इसके लिए पीड़िता दीपा उपाध्याय ने कई स्थानीय थाने से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक गुहार लगाई लेकिन उसे असफलता ही मिली और चारों तरफ से निराशा ही दिखी रोते हुए दीपा ने बताया कि जहां एक तरफ वर्तमान समय में योगी सरकार महिलाओं लड़कियों व छात्राओं की सुरक्षा की बात करते हैं वही हमारे तरफ ऐसी दुर्भावना क्यों हो रही है जो कि आए प्रश्न चिन्ह है उन्होंने उन्होंने प्रार्थना पत्र में कहा के मेरे साथ अन्याय हो और जो दरवाजा है उसको लगाने दिया जाए क्योंकि हम लोग अपने जगह पर सही हैं। इस संबंध में थाना पूरा कलंदर प्रभारी ने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में है।उन्होंने पीडिता को यह भी आश्वासन दिया कि दोनों पक्षों को शीघ्र ही बुलाकर इस प्रकरण पर समाधान किया जाएगा।कुल मिलाकर अब यह देखना है पीड़िता दीपा उपाध्याय पुत्री चंद्र भूषण उपाध्याय निवासी उसरू अमौना थाना पूरा कलंदर जिला अयोध्या को न्याय कब मिलता है।यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन आज उसके बहते आंसू ने यह बता दिया के उत्तर प्रदेश के कई जिलों के कई थानो या कई जगहों पर ऐसा है जो महिलाओं लड़कियों का छात्राओं के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है। जिसका खामियाजा पीड़िता दीपा उपाध्याय जैसे कई महिलाओं छात्राओं लड़कियों को भुगतना पड़ रहा है।

# मंजीत यादव हत्याकाण्ड में शामिल चार आरोपी को एसएसपी ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ) शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं पुलिस अधीक्षक नगर विजय पाल सिंह के निर्देशन तथा पलाश बंसल सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर अयोध्या के कुशल पर्यवेक्षण में सुरेश पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या मय हमराह पुलिस बल व स्वाट टीम जनपद अयोध्या द्वारा रविवार को देवकाली चौकी क्षेत्र के नीलगोदाम के पास हुए हत्याकाण्ड के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।इस संबंध में एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि सुरेश पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मय टीम के द्वारा दिनांक रविवार को समय 07.25 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर देवकाली ओवरब्रिज से अभियुक्तगण सुधाकर सिंह पुत्र हेमेन्द्र प्रताप सिंह, दिवाकर सिंह उर्फ शनि पुत्र हेमेन्द्र प्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह पुत्र हरिश्चन्द्र सिंह उर्फ गुडडू सिंह, रितेश सिंह उर्फ रितिक सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह को देवकाली ओवरब्रिज से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मौके पर एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से आला कत्ल (एक अदद् पिस्टल मय कारतूस) एवं घटना मे प्रयुक्त वाहन स्कार्पियो न्च 42 ठथ 3848 की बरामदगी की गयी है।उपरोक्त घटना के सम्बन्ध मे दिनांक 14/10/2021 को वादी श्री कमलेश यादव पुत्र नगेश्वर यादव निवासी ग्राम देवकाली निकट नील गोदाम थाना को0नगर जनपद अयोध्या के द्वारा तहरीरी सूचना दी गई कि 13.10.2021 को समय 21.15 बजे देवकाली नील गोदाम के पास अभियुक्तगण द्वारा अपने अज्ञात साथियो के साथ 05 अलग–अलग गाड़ियो मे सवार होकर साजिश के तहत वादी के दरवाजे पर आकर वादी के पुत्र मंजीत उम्र करीब 32 वर्ष को बाहर बुलाकर गोली मार देने जिसकी आवाज सुनकर



वादी की पुत्रियां खुशी व लकी के बाहर निकलने पर उन्हे भी गोली मार देना जिससे मौके पर दहशत और अफरा तफरी मच जाने व दौराने इलाज वादी के पुत्र मंजीत की मृत्यु हो जाने व वादी की पुत्रियो को इलाज हेतु लखनऊ रिफर किये जाने के सम्बन्ध में दाखिल किया था जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0665/2021 धारा 147/148/149/302/307/120बी भादवि0 व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया था।गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाले अधिकारियों मे सुरेश पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, व0उ0नि0 ओमप्रकाश थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, उ0नि0 दिवाकर यादव चौकी प्रभारी रामनगर थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,उ0नि0 रतन कुमार शर्मा स्वाट टीम प्रभारी जनपद अयोध्या,उ0नि0 अमित सिंह चौकी प्रभारी जेल थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,हे0का0 अजय सिंह स्वाट टीम जनपद अयोध्या,हे0का0 जीतेन्द्र बहादुर सरोज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,का0 सौरभ सिंह स्वाट टीम जनपद अयोध्या,का0 विश्वदीपक तिवारी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,का0 ज्ञान प्रकाश यादव थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,का0 अजय कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, व का0 चन्द्रवीर थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या की सराहनीय भूमिका रही।

# अयोध्या की परंपरागत रामलीला अपने सत्र के अंतिम मंचन के साथ हुई संपन्न

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) असत्य पर सत्य की विजय ' को चरितार्थ करते हुए अयोध्या की परंपरागत रामलीला अपने सत्र के अंतिम मंचन के साथ संपन्न हुआ।रामलीला समितियों के रावण वध का कार्यक्रम और उसी के साथ प्रताप नगर–हैदरगंज की रामलीला समिति, चौक–बजाजा की रामलीला समिति, शंकर गढ़ की रामलीला समिति, साहबगंज की रामलीला समिति, वजीरगंज जप्ती की रामलीला समिति, फतेहगंज की रामलीला समिति ने अपने–अपने लीला स्थलों पर रावण के पुतले का दहन किया, जिससे सारा वातावरण जय श्री राम से गुंजायमान हो गया लोगों में रावण के पुतले के दहन को देखने की एक ओर से दिखी। प्रदेश सरकार द्वारा जारी कोविड–19 के गाइड लाइन के अनुसार रामलीला का आयोजन जिस प्रकार जनपद में हो रहा है उसमें कुछ रामलीला है गाइडलाइन से प्रभावित हो आयोजन को संक्षिप्त रूप से कर रही हैं वही कुछ समिति अपने आयोजन को इस वर्ष के लिए विराम दे दिया है।वही रामलीला के आयोजन के संबंध में केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं राम लीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा की रामलीला के आयोजन को लेकर किसी भी प्रकार का कोई शिथिलता समितियों के तरफ से नहीं है लेकिन सावधानियों का पूरा ध्यान रखा गया है जिस कारण हैदरगंज वजीरगंज अशोक पुरम जप्ती साहबगंज कोठापार्चा शंकरगढ़ आदि स्थानों पर रामलीला का मंचन संक्षिप्त किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर परंपरागत रूप से भगवान श्री राम की शोभायात्रा भी 17 अक्टूबर दिन रविवार को प्रताप नगर–हैदरगंज, कोठा पार्चा एवं साहबगंज की रामलीला समितियों द्वारा प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई।वही शनिवार को रामलीला के आयोजन अभी चल रहे हैं, इसी क्रम में शनिवार को चौक बजाजा रामलीला की समिति एवं शंकर गढ़ की रामलीला समिति का राज्याभिषेक कार्यक्रम आयोजित होगा और नगर के प्रताप नगर–हैदरगंज, कोठा परचा एवं साहबगंज की रामलीला समितियों के राज्याभिषेक का कार्यक्रम सोमवार दिनांक 18 अक्टूबर को आयोजित किए जायेंगें।

## महन्त बृजमोहन दास ने प्रभु श्रीराम का किया राज्याभिषेक

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) मानस भवन में रामलीला मंचन में रात भरत मिलाप व राम राज्याभिषेक का मंचन किया गया। आर्यजन जिनकी उतारें आरती, भगवान सारे विश्व में गूंजे हमारी भारती।उक्त काव्य भावना से प्रेरित श्री रामलीला समिति, शंकरगढ़ बाजार एवं चौक रामलीला कमेटी टकसाल के पदाधिकारियों ने रामलीला के मंच पर जीवंतता को प्रकट किया। प्रभु श्रीराम के वन से वापसी के पश्चात भरत मिलाप और श्रीराम के राज्याभिषेक का सुंदर और आकर्षक मंचन आमजन को भाव विभोर कर दिया। चौक रामलीला में दशरथ भवन के महाराज महन्त बृजमोहन दास ने प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक किया। राज्याभिषेक के इस कार्यक्रम का संचालन संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने किया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ' पवन ' तथा केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या के पदाधिकारीगण जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में उपस्थित रहे। आयोजन समिति से अध्यक्ष संजय जैन, संरक्षक विष्णु वैश्य, अनिल सिंह पार्षद, दिलीप यादव पार्षद, सुधीर नाग, उदय नारायण अग्रवाल गौरव मदनानी एवं दिग्विजय अग्रवाल आदि शामिल रहे। शंकरगढ़ की रामलीला के राज्याभिषेक कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने किया। मंच पर केंद्रीय समिति के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि जिस तरह भगवान श्रीराम ने रावण का वध करके बुराइयों का नाश किया था, आज उसी तरह हमको आपको समाज में व्याप्त तमाम कुरीतियों और विसंगतियों का समापन करना होगा । वहीं गगन जायसवाल ने कहा कि जिस रामराज्य की कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने की थी , आज आवश्यकता है कि रामराज्य को यथार्थ रूप में हम आप समाज में उपस्थित करें । राज्याभिषेक के इस कार्यक्रम में दोनों रामलीला समितियों द्वारा केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों का अंगवस्त्रम पहनाकर व माल्यार्पण स्वागत भी किया गया।

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कमल संवाद का हुआ आयोजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कमल संवाद का हुआ आयोजन यह कार्यक्रम रविवार को मिल्कीपुर के आश्रम पद्धति विद्यालय मुंगीशपुर में भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा द्वारा कमल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा ने की उन्होंने कार्यक्रम में महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पदाधिकारियों एवं महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में अखबारों समाचार चौनलों पर रात दिन महिलाओं के उत्पीड़न के समाचार भरे रहते थे। और सरकार के संरक्षक से जब मीडिया सवाल करती थी तो वह उत्पीड़न की वजह पहनावे को बताते थे। भारतीय जनता पार्टी की मोदी योगी सरकार में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार न के बराबर हो गए हैं सरकार महिला अपराधों को रोकने के लिए रात दिन प्रयत्नशील है।सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। महिलाओं की जागरूकता एवं सशक्तिकरण के लिए सरकार के अनेक विभाग गोष्ठियों के माध्यम से अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में एंटी रोमियो, रोमियो, 1090 समेत अनेक हेल्पलाइन नंबर महिलाओं की सुरक्षा के लिए चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मातृ शक्तियों सुरक्षित महसूस कर रही है । राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मिल्कीपुर के विधायक गोरखनाथ बाबा को फिर से विधायक बनाने की उपस्थित जनसमूह से अपील की। उन्होंने कहा कि जहां पर नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं भारतीय जनता पार्टी इसी सोच के साथ काम कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया और उपस्थित महिलाओं से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम को महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा एवं अयोध्या की जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने भी संबोधित किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोदावरी मिश्रा ने कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विशेष पैकेज दिलाये जाने का भरोसा दिया। मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा ने सभी आगंतुकों का स्वागत सत्कार करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना तिवारी, मिथिलेश ओझा प्रदेश महामंत्री, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बसंती सिंह, क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी रमा गुप्ता,अनुराधा श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी क्षेत्रीय, नेहा रस्तोगी,सभासद अशोक द्विवेदी, महानगर जिला अध्यक्ष आशा गौड़,पार्षद शकुंतला गौतम, जिला महामंत्री सुमन पासवान, जिला उपाध्यक्षा नीलम गुप्ता,मुन्नी सिंह,आशा सिंह, जिला मंत्री सीमा सिंह,सीमा यादव,माधुरी सिंह जिला मीडिया प्रभारी करुणा पांडे, कुचेरा सुषमा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सोहावल पूर्वी विजयवती, विधायक के निजी सचिव महेश ओझा, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी वराधवेंद्र पांडे देवेंद्रमणि त्रिपाठी,अखिलेश पांडे, अजीत मौर्य, आदि उपस्थित रहे।

## राजनीति और धर्म हमेशा एक दूसरे के पूरक रहे हैं – सीएम उत्तराखंड

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बयान।राजनीति कभी भी धर्म से अलग नहीं रही है। राजनीति और धर्म हमेशा एक दूसरे के पूरक रहे हैं।हम लोग बचपन से सपना देखा था। वह सपना साकार हो रहा है। मैं स्वयं किसान परिवार से हूं।सैनिक परिवार से हूं हम लोग लगातार किसानों के लिए काम कर रहे हैं।हमारे प्रधानमंत्री जी ने किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाएं हो या किसानों की आय दोगुनी कैसे हो इन सब योजनाओं कार्य कर रहे हैं। हमारे यहां के किसान हर बात समझते हैं।पार्टी ने हमें उत्तराखंड का कमान दिया है।हम उत्तराखंड की जनता की सेवा कर रहे है। मेरा कोई राजनैतिक कार्यक्रम नहीं है।मैं बचपन से यहां आता रहा हूं मैं विद्यार्थी परिषद का कार्य करता रहा हू।लगभग 50 बार मैं यहां आया हूं।यह मेरा कोई राजनैतिक यात्रा नहीं है।हमारे यहां 5 सांसद लोकसभा के व 2 राज्यसभा के कुल मिलाकर सात है।अबकी बार हम लोगों ने नारा दिया है अब की बार 60 पार।

# दस लाख के लेजर स्पीड रडार से सिर्फ दो चालान

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी में तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने के लिए लाया गया दस लाख रुपये का अत्याधुनिक लेजर स्पीड रडार ट्रैफिक पुलिस लाइन के स्टोर में धूल फांक रहा है। यह रडार 200 मीटर दूर से ही वाहन की रफ्तार दर्ज कर नंबर प्लेट की फोटो खींचकर चालान कर सकता है। मगर इस लेजर स्पीड रडार को सिर्फ एक बार चेक कर दो चालान ही किए गए हैं। जबकि शहीद पथ, लोहिया पथ, दुबग्गा–आलमबाग रिंग रोड के साथ ही हाईवे से जुड़ी शहर की कुछ सड़कों पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों से हादसे हो रहे हैं। लेजर स्पीड रडार का उपयोग होने लगे तो शायद चालान के डर से ही चालक वाहनों की रफ्तार कम रखें। ध्यान रहे कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने चार महानगरों की यातायात पुलिस को जुलाई 2020 में एक–एक अत्याधुनिक लेजर स्पीड रडार दिया था। इसमें पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की यातायात पुलिस को भी एक लेजर स्पीड रडार मिला था। दो सौ मीटर दूर से स्पीड दर्ज कर खींच लेता है फोटो। इस रडार में कई हाई रिज्यूलेशन कैमरे और टैबलेट लगा है। ये रडार करीब दो सौ मीटर दूर से ही वाहन की न सिर्फ स्पीड दर्ज कर लेता है बल्कि नंबर प्लेट की फोटो भी खींच लेता है। इसके बाद इंटरनेट से कनेक्ट इसके टैबलेट के जरिए ओवरस्पीड वाहन का चालान कर दिया जाता है। शहरी क्षेत्र में शहीद पथ को छोड़ कहीं भी वाहनों की रफ्तार तेज नहीं रहती है। लेजर स्पीड रडार के स्टोर में रखे होने की जानकारी नहीं है। जल्द ही ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर इसका उपयोग सुनिश्चित कराया जाएगा।

## विधायक रामचंद्र यादव ने पीएचसी नरौली का फीता काटकर किया शुभारंभ

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के रूदौली भाजपा विधायक राम चन्द्र यादव ने रूदौली तहसील क्षेत्र अंतर्गत पीएचसी नरौली का फीता काटकर शुभारंभ किया।पीएचसी का शुभारंभ होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए सुविधा मिलेगी।पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया गया।स्वास्थ्य मेले में आये हुए मरीजों का इलाज भी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क किया गया व दवाइयां भी वितरित की गई।चिकित्सा अधिकारी डॉ रविकांत वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार के रोगों का निशुल्क इलाज किया जाता है कहा कि मेले में शुगर, ब्लड प्रेशर, कोरोना सहित अन्य सभी प्रकार की जांचें निशुल्क की जाती है और कोरोना का टीका भी लगाया जाता है।स्वास्थ्य मेले पहुंचे मरीजों हाल चाल पूंछते हुए विधायक रामचंद्र यादव ने बताया कि अब मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन तहसील क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को किया जाएगा जिमसे मरीजों की समस्त प्रकार की बीमारियों के निशुल्क इलाज की समुचित व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।इस दौरान विधायक ने पीएचसी परिसर में पौध भी रोपित किया।उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य मेले के आयोजन से पिछड़े तथा सुदूर क्षेत्र लोगों को इलाज के लिए जिन कठिनाइयों से गुजरना पड़ता था उससे अब उन्हें निजात मिल सकेगी।इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल शर्मा,अश्वनी यादव, विपिन यादव, दिनेश यादव,रामजी यादव,हरिशंकर यादव सहित अन्य मेडिकल स्टाफ तमाम भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध : संतोष शुक्ला

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन रविवार को सोहावल तहसील क्षेत्र के रमवापुर तथा रुदौली तहसील क्षेत्र के दशरथ मऊ में आयोजित हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सन्तोष शुक्ला जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अयोध्या तथा मुख्य वक्ता जिला महामंत्री भूपेंद्र सिंह बल्ले रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि संतोष शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों के खाते में सीधे राशि भेजकर किसानों की खेती में आ रही दिक्कतों को दूर करने का प्रयास कर रही है।बीज एवं उर्वरक की लगातार उपलब्धता केवल भाजपा सरकार में ही संभव है। किसानों की संपूर्ण उपज समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक खरीदने का रिकार्ड उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हुआ है। किसान आंदोलन पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार किसानों से बात करने के लिए बार बार आमंत्रित कर रही है विपक्ष को चाहिए इस मुद्दे पर बहस करे लेकिन वो किसानों को बरगलाने का काम कर राजनीति कर रही है ।कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष अतीश तिवारी,हरि कुमार पाण्डेय, प्रदीप सिंह,नीलू तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अनिल वर्मा,विनय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## रुदौली विधायक और जिले के कप्तान ने किया हवन पूजन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के मवई थाना परिसर में रविवार को जिले के पुलिस कप्तान शैलेष कुमार पांडेय और रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की भव्य प्रतिमा का अनावरण विधि विधान के साथ हवन पूजन कर किया।कप्तान और विधायक ने शिलापट भी खोला।इसके पश्चात मवई थाना में प्रतिभोज का आयोजन भी किया गया।गौरतलब है कि मवई थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रसाद यादव व अन्य पुलिसकर्मियों ने ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय समाजसेवी जनों के सहयोग से मवई थाना परिसर में निर्मित मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और पुराने मंदिर को विस्तृत व भव्य रूप प्रदान किया गया।मंदिर के चारो ओर परिक्रमा मार्ग बनाया गया है।वही पहले से विराजमान हनुमानजी का मंदिर भी भव्यता का परिचायक बन रहा है।बताया गया कि मंदिर में राजस्थान के बेहतरीन पत्थरों से निर्मित भगवान श्री कृष्ण और राधा जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा ज्ञाता पंडितो द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में कराया गया।जिसमें जिले के कप्तान शैलेष कुमार पांडेय व रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने भी पहुचकर पूजा अर्चना किया और हवन कर शिलापट खोला।उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और राधा को भोग भी लगवाया।उनके साथ मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेष सिंह, रुदौली सीओ के अलावा मवई थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रसाद यादव,वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामचेत यादव शामिल रहे।कार्यक्रम में बाबा बाजार चौकी प्रभारी मनोज कुमार, सैदपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव,उपनिरीक्षक सुजीत मौर्य,अशोक कुमार,मनोज कुमार, कांस्टेबल जय सिंह यादव,उमेश कुमार, दयानंद यादव,अजय यादव,सुनील कुमार,भाजपा नेता निर्मल शर्मा,धर्मेंद्र सिंह, विक्रमजीत यादव,राजेश कुमार यादव,गिरीश मिश्र आदि समेत अन्य ग्रामीण व कई गांवों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।